प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 20.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.........................

- जयपुर के भांकरोटा में टैंकर में धमाके के बाद लगी आग से चार लोगों की मृत्यु और कई झुलसे–मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री ने एसएमएस अस्पताल पहुंचकर हालात की जानकारी ली।
- जैसलमेर में आज राज्यों के वित्त मंत्रियों और आला अधिकारियों की प्रीबजट बैठक।
- राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में काम कर रहे संविदाकर्मियों के वेतन में हर साल 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।
- प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से दिसम्बर के आखिरी सप्ताह में मावठ के आसार।

.........................

जयपुर में भांकरोटा क्षेत्र में आज एक टैंकर में हुए धमाके के बाद आग लग गई। इससे चार लोगों की मृत्यु हो गई और अन्य कई घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 6 बजे अजमेर रोड़ पर पेट्रोल पम्प के पास एलपीजी गैस से भरे टैंकर में हुआ। आग की चपेट में आने से 20 वाहन जल गए। हादसे में झुलसे 35 लोगों को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 50 फीसदी लोगों की हालत गंभीर है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एसएमएस अस्पताल पंहुचे और हादसे में झुलसे लोगों के बारे में जानकारी ली। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर भी अस्पताल में मौजूद है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस भीषण हादसे में झुलसे कुछ लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। जयपुर कलेक्टर जितेन्द्र सोनी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

.........................

मुख्यमंत्री का आज कोटपूतली बहरोड दौरे का कार्यक्रम है। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री रीको क्षेत्र के उद्योगपतियों के साथ बैठक करेंगे और माजराकाठ में स्थानीय कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कल दिल्ली दौरा किया। उन्होंने बीकानेर हाउस और उदयपुर हाउस का निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने 136 करोड़ रूपये की लागत से पुनर्निर्माणधीन राजस्थान हाउस के कामों का भी जायजा लिया। ये राजस्थान सरकार का राजकीय गेस्ट हाउस है।

.........................

जैसलमेर में आज राज्यों के वित्त मंत्रियों और वित्त और वित्तीय प्रबंधन से जुडे आला अधिकारियों की प्रीबजट बैठक होने जा रही है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी भी इसमें हिस्सा लेंगी। वहीं जीएसटी काउंसिल की बैठक कल होगी। हमारे संवाददाता ने बताया कि जीएसटी काउंसिल की बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बैठक में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन सहित अन्य राज्यों के वित्त मंत्री हिस्सा लेंगे।

.........................

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान श्री देवनानी ने अजमेर के पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट केन्द्र को पासपोर्ट सेवा केन्द्र में क्रमोन्नत किए जाने, बांग्लादेश में हिन्दुओं के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अजमेर में बढ़ते बांग्लादेशियों से बन रही समस्याओं पर चर्चा की। विधानसभा अध्यक्ष ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी भेंट की।

इस दौरान उन्होंने राजस्थान विधान सभा के अगले सत्र, सदन के नये स्वरूप और पेपरलैस किए जाने के बारे में जानकारी दी। श्री बिरला ने श्री देवनानी को कहा कि संसद की विशेष टीम

राजस्थान विधानसभा के पेपरलैस प्रोजेक्ट का तकनीकी अध्ययन करेगी। श्री देवनानी ने राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी से भी मुलाकात की।

........................

राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में काम कर रहे संविदाकर्मियों के वेतन में हर साल 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाएगी। इसके लिए कल कार्मिक विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। इसके तहत सरकार ने **राजस्थान कांट्रेक्चुअल हायरिंग रूल्स 2022** में संशोधन कर संविदा कर्मियों को पांच फीसदी वेतन बढोतरी का प्रावधान जोड़ा गया है। यह वेतन वृद्धि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के कर्मचारियों की तरह जनवरी या जुलाई महीने में की जाएगी।

........................

प्रदेशभर में चल रहे सुशासन सप्ताह के तहत आज विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे। सभी जिलों में ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं होंगी। इनमें जनसुनवाई के जरिये आमलोगों की समस्याओं को दूर किया जायेगा। शिविरों के माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ आमलोगों को दिलवाने के प्रयास किये जा रहे है। डूंगरपुर, केकडी, बारां, पाली, **केकडी** और जैसलमेर सहित अन्य जिलों में इसके लिए तैयारियां की गई है। सांचौर के चितलवाना पंचायत समिति में आज विशेष शिविर आयोजित किया गया है। वहीं कल जनसुनवाई के जरिये मामलों का निपटारा किया गया। नीमकाथाना में कलक्ट्रेट कार्यालय में जिलास्तरीय जनसुनवाई हुई। इनमें अतिक्रमण हटाने, रास्ते खुलवाने सहित कुल 90 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। अजमेर से हमारी संवाददाता ने बताया कि शिविरों में मौके पर ही कई प्रकरण निस्तारित किये गये।

........................

प्रदेश में पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से इस महीने के आखिरी सप्ताह में प्रदेश में मावठ हो सकती है। मावठ रबी की फसलों के फायदेमंद मानी जाती है। मौसम विभाग के अनुसार 25 दिसंबर को दक्षिण–पूर्वी राजस्थान और 26–27 दिसंबर को उदयपुर, अजमेर, कोटा, जयपुर भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ हल्की–मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं फिलहाल दो–तीन दिन प्रदेश में शीतलहर का दौर जारी रहने की संभावना है। साथ ही तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट हो सकती है। भरतपुर, चूरू, चित्तौडगढ, भीलवाडा और सांचौर में गलनभरी ठण्ड का दौर जारी है। सर्द हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं। कई स्थानों पर कोहरे का भी असर देखा जा रहा है। वहीं धौलपुर में भी कडाके की सर्दी का असर है।

........................

तेज ठंड को देखते हुए कृषि विभाग ने फसलों को पाले के प्रकोप से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। पाला पड़ने के संकेत मिलने पर किसानों को तैयारी रखने के लिए समझाया जा रहा है। इसी सिलसिले में कोटपूतली–बहरोड़ जिले के सहायक कृषि निदेशक रामजी लाल यादव ने बताया कि पाला पड़ने की आशंका होने पर किसान पहले से ही कई तरह के उपाय कर सकते हैं।

........................